भोले डमरू बजा दे | By Passi Kesri

बम भोले........

शिव सावन की रुत है आई
काँधे पे कावड़ है ठाई
नाम तेरे की बूटी पी ली अपना रंग चढ़ा दे
नाचेंगे तेरे कावड़िया, शिव शम्भू डमरू बजा दे
नाचेंगे तेरे कावड़िया.........

तीखे तीखे पत्थरो ने रख दिए पाँव को छोल के
नीलकंठ की चढ़ गए चढ़ाई बम बम भोले बोल के
आशा सबके एक ही मन में भोले दर्श दिखा दे
नाचेंगे तेरे कावड़िया, शिव शम्भू डमरू बजा दे
नाचेंगे तेरे कावड़िया.........

बम बम भोले गाते गाते रस्ता सबका कट रहा
कावड़ियों के मन में भोले नाम का डंका बज रहा
जहाँ जहाँ तेरे शिविर लगे हैं आके चरण घुमा दे
नाचेंगे तेरे कावड़िया, शिव शम्भू डमरू बजा दे
नाचेंगे तेरे कावड़िया.........

गब्बर पंछी कावड़ियों संग बम बम भोले गाता है
पासी केसरी भोले बाबा तेरे भजन सुनाता है
कावड़ियों के दुखड़े काट के सुख का मेह बरसा दे
नाचेंगे तेरे कावड़िया, शिव शम्भू डमरू बजा दे
नाचेंगे तेरे कावड़िया.........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%a1%e0%a4%ae%e0%a4%b0%e0%a5%82-%e0%a4%ac%e0%a4%9c%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%87-by-passi-kesri/